

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक

बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें

https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 42 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 04 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# भ्रष्टाचार के मामले में बाबा महाकाल को भी नहीं छोड़ा कांग्रेस ने - डाँ. अभिजीत

**महाकाल लोक...उल्टा पड़ा कांग्रेस का आरोप... दस्तावेजों से सच उजागर**

सिवनी यशोः - कांग्रेस महालोक में भ्रष्टाचार कर अपने पापों को छुपाने के लिये भाजपा की कल्याणकारी शिवराज सरकार पर ठीकरा फोड़ने का काम कर रही है । महाकालोक जैसे पवित्र स्थल के काम में भी भ्रष्ट तरीके अपनाने का ही परिणाम है कि कांग्रेस तेजी से दुर्दशा की ओर बढ़ रही है । उज्जैन के महाकाल में सप्तऋषियों की मूर्तियाँ जो पिछले दिनों गिरी है वह कांग्रेस शासन के अल्प कार्यकाल का पाप है । इस आशय की बात भाजपा जिला मंत्री डां. अभिजीत सिंह चौहान ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम कही है ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी के माध्यम से जारी प्रेस विज्ञप्ति में डाँ चौहान ने कहा कि उज्जैन के महाकाल लोक को लेकर कांग्रेस ने हल्ला मचा रखा है और लगातार शिवराज सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाएं जा रहे है । मगर इस पूरे मामले में



दस्तावेजी सच कांग्रेसी करतूत की कलाई खोल रहे है । जिसकी पड़ताल की गई तो पता चला कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही ना सिर्फ इन मूर्तियों का ठेका दिया गया बल्कि भुगतान भी किया गया । श्री चौहान ने कहा कि अभी पिछले दिनों आंधी तूफान के कारण महाकाल लोक में निर्मित सप्तऋषि की जो 6 प्रतिमाएं धराशाई हुई, उसके संबंध में यह तथ्य सामने आए की कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के वक्त 23/8 /2019 को उज्जैन के कले टर कार्यालय पर बैठक हुई जिसमें तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने अध्यक्षता की थी इस बैठक में तत्कालीन मु य सचिव एस.आर.मोहंती के अलावा दो अन्य कैबिनेट मंत्री पी सी शर्मा और जयवर्धन सिंह तो मौजूद रहे ही, वही कांग्रेसी विधायक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे और इस बैठक में महाकाल लोक के निर्माण से संबंधित प्रोजे ट की जानकारी और समीक्षा की गई थी।

डाँ. चौहान ने बिंदुवार इस पूरे मामले के संबंध में बताया कि उज्जैन स्मार्ट सिटी कि जो बोर्ड बैठक 16 मार्च 2018 को हुई थी, उसमें मृदा प्रोजे ट के तहत 303 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई और प्रॉजे ट के पहले चरण को शुरु करने का भी निर्णय लिया गया।

97.71 करोड़ की अनुमानित लागत से शिव द्वार, शिव स्त भ, महाकाल कोरिडोर, लेक फंट विकास, सौदार्यिकरण, आर्ट वर्क सहित महाकाल थीम पार्क, फायर फाइटिंग सहित अन्य कार्य किए जाना थे।

श्री चौहान ने बताया कि पहले चरण के इन कार्यों के टेंडर उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 4/9/ 2018 को जारी किए और कार्य आदेश 7/3/ 2019 को 96.97 करोड़ के जारी किए गए . ये कार्य ठेकेदार फर्म मेसर्स एमपी बावरिया, मेसर्स डी एच पटेल, मैसर्स गायत्री इर्लों ट्रकल्स को दिए गए और संपूर्ण प्लाजा एरिया के आर्ट वर्क का अनुमोदन भी मीटिंग जो कि 18-6-2019 को आयोजित की गई थी , उसमें अनुमोदित की गई .

श्री चौहान ने एफआरपी मूर्तियों की जानकारी देते हुये बताया कि 7.75 करोड़ की जो 100 मूर्तियां स्थापित की जाना थी , उसी में अभी क्षतिग्रस्त सप्तऋषि की मूर्तियां भी शामिल है . निविदा के मुताबिक इन मूर्तियों के कार्य में सामग्री सप्लाई पर 20 प्रतिशत, डिजाइनिंग स्कल्पचर कार्विंग और फर्निशिंग के कार्य पर 40 प्रतिशत , इंस्टॉलेशन और फिर्नि संग पर 25 प्रतिशत और हैंडिंग ओवर पर 15प्रतिशत भुगतान की शर्त रखी गई . क्षतिग्रस्त हुई सप्तऋषि की मूर्तियों के लिए 14 लाख का पहला भुगतान 13 जनवरी 2020 को किया गया , वही 40 फ़ीसदी अन्य भुगतान 28 लाख का 28 फरवरी 2020 को किया गया , शेष बची 17 लाख 50 हजार की राशि का भुगतान 31 मार्च 2021 को किया गया था . इस तरह सप्तर्षियों की मूर्तियों का कुल भुगतान 59.50 लाख किया गया .


श्री चौहान ने कहा कि दस्तावेजों और निविदा से ये स्पष्ट होता है कि अभी आंधी तूफ़ान और बारिश के कारण जो 6 मूर्तियां क्षतिग्रस्त हुई, उसके निर्माण के ठेके का अनुबंध और मूर्ती निर्माण होने से लेकर भुगतान की कार्यवाही तत्कालीन कमलनाथ सरकार के दौरान संपन्न की गई । अपने भ्रष्ट कारनामों पर्दा डालने के लिये कांग्रेस जिस बेशर्मी से बयानबाजी कर रही है उसे भगवान महाकाल भी माफ नहीं करेंगे ।

## कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 जून तक आमंत्रित

मंडला यशोः-जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिए कौशल एवं तकनीकि विकास योजना 2021 अंतर्गत मंडला जिले के बुनकरों एवं शिल्पियों, स्व-सहायता समूहों, बुनकर सहकारी समितियों, मास्टर उद्यमियों से वर्ष 2023-24 के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए 30 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जिला पंचायत मंडला 8989723206 से संपर्क कर सकते हैं।

## प्रियंका गांधी का जबलपुर आगमन 12 को कांग्रेस की जिला बैठक आज

सिवनी यशो :- अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी का दिनांक 12 जून 2023 को जबलपुर आगमन हो रहा है। जहाँ श्रीमतीअ गांधी जी एक रोड़ शो के बाद विशाल जनसभा को भी स बोधित करेंगी।



श्रीमती प्रियंका गांधी जी के आगमन की तैयारियों के संबंध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष (पूर्व मु यमंत्री) कमलनाथ जी के निर्देशानुसार दिनांक 4 जून 2023 दिन रविवार को अपराहंत 3 बजे कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में बैठक रखी गयी है। जिसमें विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि, समस्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, समस्त मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठ व विभागो के अध्यक्ष गण, तथा जिला, जनपद पंचायत एवं नगरपालिका, नगरपरिषद के कांग्रेस पक्ष के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं सदस्य गण बैठक में आमंत्रित है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने बैठक में आमंत्रित कांग्रेस पदाधिकारी गणो से अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील किया है।

## बरघाट नगर परिषद में लाडली बहनों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया

बरघाट यशोः- बरघाट लाडली बहना योजना की पात्र बहनों को



बरघाट नगर परिषद के सभा कक्ष में स्वीकृत पत्र प्रदान किए गए. इस अवसर पर बरघाट नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता अनिल पाठक, सभापति श्रीमती निधि ऋषभ जयसवाल, सभापति ज्ञान सिंह चौधरी, वार्ड, पार्षद श्रीमती सुधा कंगाली, सांसद प्रतिनिधि अनिल पाठक पार्षद व मु य नगरपालिका अधिकारी वेद पुरी गोस्वामी, महिला बाल विकास सुपरवाइजर रंजना बोपचे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ में नगर की बहनों ने उपस्थिति दी । शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में अभियान की शुरुआत के बाद बाकी बहनों को घर-घर जाकर स्वीकृति पत्र प्रदान किया जायेगा । नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू ने ने कहा कि जल्द ही नगर परिषद के जनप्रतिनिधि व कर्मचारियों की मदद से घर- घर जाकर स्वीकृति पत्र प्रदान किया जाएँगे नगर की कोई भी बहने इस योजना के लाभ से वंचित ना हो इसका भी ध्यान रखना चाहिए साथ ही सभी मातृशक्ति का उपस्थिति के लिए आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ह्यूमन एवं गुरूकुल के समर का समापन 5 जून को

**कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे बॉलीवुड सिंगर अल्ताफ रजा**

बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन समाजसेवी संगठन एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ''समर कैंप-2023'' का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षित यातिप्राप्त प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षार्थियों को नृत्य, कराटे-वूशू, सुगम संगीत, ढोलक, हारमोनियम, तबला, पियानो, गिटार, मेंहदी, पेपर आर्ट आदि विधाओं में पारंगत किया जा रहा है। समय कैंप के समापन 5 जून 2023 को दिन सोमवार को शाम 5 बजे से पंचशील लॉन बरघाट किया जावेगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध गायक एवं गिनीज बुक रिकार्ड होल्डर ''अल्ताफ राजा'' विद्यार्थियों के बीच अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे।

ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत, गुरूकुल पब्लिक स्कूल प्राचार्य श्रीमति ज्योति सिंह राजपूत सहित संचालक मंडल एवं स्टॉफ ने इस मनमोहक कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति की अपेक्षा है।

# अवैध सागौन की तस्करी करते दो ट्रे टर- ट्राली सहित जब्त

## सागौन तस्कर फारूख खान के घर से बरमाद हुई बड़ी मात्रा में सागौन, विभागीय कर्मचारी की मिलीभगत होने की संभावना

सिवनी यशोः- जिले के दक्षिण सामान्य वनमंडल के परिक्षेत्र सिवनी सामान्य अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलगांव के जंगल से वन विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की देर रात्रि अवैध रूप से परिवहन करते दो ट्रे टर ट्राली सहित जब्त किये है। जिसमें लाखों रूपये की सागौन के लठ्ठे भरे हुये थे । पूंछताछ में बताया गया कि उक्त सागौन साल्हेखुद निवासी फारूक खान की टीम ने फारूख खाने के साल्हेखुर्द स्थित घर भी छापामार कार्यवाही की जहाँ बड़ी मात्र में अवैध रूप से संग्रहित सागौन जब्त की है। इस मामले में वन विभाग ने सात लोगों को पकडा है। वहीं मु य आरोपी की तलाश वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है।

उपवनमंडलाधिकारी योगेश पटेल ने इस संबंध में बताया कि दक्षिण सामान्य वनमंडल के परिक्षेत्र सिवनी सामान्य अंतर्गत आने वाले वन क्षेत्र आरएफ 104 की बीट बेलगांव के जंगल में अवैध सागौन की तस्करी से संबंधित मुखबिर की सूचना पर



वन परिक्षेत्र सिवनी सामान्य एवं वन परिक्षेत्र बरघाट की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की रात्रि 8 बजे दबिश दी जहां पर बेडा पहाड़ी की तरफ से सेलुआ जाने मार्ग पर दो ट्रे टर-ट्राली आ रही थी जिन्हें संयुक्त टीम ने कालीछपार में रोककर पूछताछ की। पूछताछ में ट्रै टर वाहन क्रमांक एमपी 22 एए 6063 का चालक राजकुमार पुत्र फन्दूलाल एवं बिना नंबर का न्यू सोनालिका ट्रै टर वाहन का चालक सुमेश पुत्र मानसिंह परते दोनो निवासी ग्राम सिंगपुर बरघाट ने बताया कि वह सागौन ग्राम साल्हेखुर्द निवासी मो. फारूक के घर ले जा रहे है।

जिस पर वन विभाग की संयुक्त टीम ने पंचनामा कार्यवाही करते हुए ट्रै टर के वाहन चालक तथा ट्रै टर-ट्राली में सवार दसरू(40) पुत्र गन्नू उइके, रंजीत(31) पुत्र गजानंद पन्द्रे, महाप्रसाद(40) फन्दू उइके, सुरेश (25) रामस्वरूप परते, राजीव उर्फ राजू (36) पुत्र संतलाल यादव सभी निवासी ग्राम सिंगपुर के कब्जे से 11 नग सागौन लठ्ठा 1.231 घनमीटर तथा सागौन जलाउ आधा चट्टा कीमती लगभग 93 हजार रूपये बरामद करते हुए भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26(आई), क,ड,च, म.प्र.अभिवहन (वनोपज) नियम 2000 की धारा 41 नियम 03,16 तथा म.प्र.वनउपज (व्यापार विनियमक अधिनियम 1969 की धारा 5(आई) के तहत वन अपराध दर्ज किया है।

आगे बताया गया कि संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार की देर रात्रि साल्हेखुर्द निवासी मो. फारूक के घर पर दबिश दी गई जहां पर लगभग 30 लट्टे कीमती लगभग 1.50 लाख रूपये अवैध सागौन बरामद कर वन अपराध दर्ज किया गया है। इस घटनाक्रम से जुडे तथ्यों की सूक्ष्मता से जांच वन विभाग के द्वारा जाँच की जा रही है । इस प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अलग-अलग टीम गाठित कर वन माफियाओं की खोज की जा रही है। संभवत इस प्रकरण में और भी तथ्य सामने आ सकते है ।

सूत्रों से प्राप्त जानकी के अनुसार इस प्रकार की सागौन की तस्करी में विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है । विभाग भी इस प्रकार की संभावना पर काम कर रहा है और आशंका व्यक्त की जा रही है कि यह तस्कारी का काम काफी समय से चल रहा है । जाँच कार्य में लगी संयुक्त टीम को बड़े खुलासे की संभावना है । इस प्रकार की तस्करी की यह बड़ी कार्यवाही है और विभाग इसके माध्यम से बड़े खुलासे की उ मीद जता रहा है । जिसमें संयुक्त टीम द्वारा अवैध सागौन जब्ती की कार्यवाही की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकडे गये व्यक्तियों में अधिकांश वो लोग है जिन्होंने दक्षिण सामान्य वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्रों के जंगलों में हवा-तूफान के दौरान गिरे पेडो को अधिकारियों के निर्देश पर ट्रे टर- ट्राली लाने जे जाने का कार्य किया है और यहीं मजदूर तस्करों के लिये बाद में काम करने लगे ।

## पी सी ओ टेमरे को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

सिवनी यशोः- जनपद पंचायत सिवनी में कार्यरत पी.सी.ओ. एच.आर. टेभरे 31/5/2023 को सेवानिवृत्त होने पर 1/6 / 2023 को कृष्णा लॉन लूघरवाड़ा में आयोजित एक सादे समारोह में भावभीनी विदाई दी गई इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती बसंती दुबे जी की गरिमामय उपस्थिति में श्री टेभरे जी को तिलक लगाकर साल श्रीफल दिया गया इस विदाई समारोह पर चंद्रपाल सिंह बघेल ,मुकेश बघेल, लोकेश बघेल, मुकेश बघेल कुकलाह एवं अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण, पीसीपी सचिव एवं ग्रामवासी द्वारा श्रीफल माला स मान कर आशिर्वाद प्रदान किया गया

# कांग्रेस को महिलाओं से निजी दस्तावेज लेने का अधिकार नहीं - प्रदीप राय

**महिला सशक्तिकरण के लिये शिवराज सरकार ने किया 60 हजार करोड़ का प्रावधान, कांग्रेस केवल गाल बजाकर झूठ फैला रही है**

सिवनी यशो :- मध्यप्रदेश की कल्याणकारी शिवराज सरकार द्वारा प्रदेश की मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिये महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना के तहत आगामी 10 जून को एक हजार रूपये की राशि महिलाओं के खाते में आना प्रारंभ हो जायेगी । इस योजना में पात्र



हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण पूरे जिले में महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारियों के साथ भाजपा के कार्यकर्त्ता, जनप्रतिनिधियों द्वारा घर घर जाकर स मान सहित वितरित किये जा रहे है । भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे मार्गदर्शन में लाड़ली बहना के स्वीकृति पत्रों का वितरण पूरे जिले में अभियान चलाकर वितरित किये जा रहे है । नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से स्वीकृति पत्रों का वितरण किया जा रहा है ।

उक्ताशय की जानकारी भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुये बताया है कि सिवनी नगर के अनेक वार्डो में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे सहित सिवनी विधायक दिनेश राय मु न मु न भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता एवं महिला मोर्चा की बहिनें स्वीकृति पत्रों का वितरण कर रही है वहीं केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह भाजपा के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ केवलारी विधानसभा में लखनादौन एवं बरघाट विधानसभा के नगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लाड़ली बहना के स्वीकृति पत्र भाजपा अभियान चलाकर वितरित कर रही है ।

प्रदेश सरकार महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना के संबंध में केवलारी विधानसभा संयोजन एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय ने कहा कि प्रदेश की शिवराज सरकार ने मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये इस योजना के लिये नियमानुसार सरकार ने बजट में 60 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया है और सरकारी माध्यम से महिलाओं से फार्म भराने का काम किया है । इस योजना से तिलमिलाएँ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने आम जनता और मातृशक्ति को गुमराह करने के लिये थोथा चना बाजे घना की तर्ज पर नारी स मान योजना की घोषणा की है और जनता के बीच भ्रम और झूठ फैला रहे है तथा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता इस योजना के माध्यम से महिलाओं को 15 सौ रूपये प्रतिमाह देने का झूठ फैला रहे है । श्री राय ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गली-मोहल्लों में नारी स मान योजना के फार्म भराते घूम रहे हैं। महिलाओं से उनकी व्यक्तिगत जानकारी ले रहे हैं और अवसर मिलते ही उनके साथ छेड़खानी और अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश की माता-बहनों से आग्रह है कि ऐसे लोगों से सावधान रहें, उन्हें कोई निजी दस्तावेज न दें। श्री राय ने दमोह में नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ की घटना को लेकर कांग्रेस को जमकर कोसते हुये कहा कि कांग्रेस का मातृशक्ति के प्रति स मान का भाव केवल दिखावा और चुनावी मुद्दा है । कांग्रेस नारी का कितना स मान करते है यह उनके कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है । दमोह में नारी स मान योजना की जानकारी देने के बहाने नौशाद नामक कांग्रेस कार्यकर्त्ता ने जो कुछ किया वह कांग्रेस के चरित्र को स्पष्ट करने के लिये पर्याप्त है ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नारी स मान योजना एक छलावा है इस योजना की आड में महिलाओं से उनके जरूरी दस्तावेज लिए जा रहे हैं, जिसका कांग्रेस पार्टी को अधिकार नहीं है। इस प्रकार के दस्तावेज लेने के पश्चात महिलाओं के साथ कोई फर्जीवाड़ा भी हो सकता है । श्री राय ने कहा है कि भाजपा के कार्यकर्त्ता मातृशक्ति और आम जनता से सघन जनसंपर्क कर उन्हें इस बात से सचेत करे कि कांग्रेस के नारी स मान के नाम पर भराये जा रहे फार्मो के लिये अपने कोई भी दस्तावेज न दें एवं न ही अपनी किसी भी आई डी का नंबर उन्हें प्रदान करें इससे धोखाधड़ी भी हो सकती है ।

## जबरन नॉलेज



# 'भारत के स्वराज्य' का उद्घोष था श्रीशिवराज्याभिषेक

## स्वराज्य 350 – आज से प्रारंभ हो रहा है छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक एवं हिन्दू साम्राज्य की स्थापना का 350वाँ वर्ष



भोपाल(विसंके) आज का दिन बहुत पावन है। आज से 'हिन्दवी स्वराज्य' की स्थापना का 350वां वर्ष प्रारंभ हो रहा है। विक्रम संवत 1731, ज्येष्ठ शु ल पक्ष त्रयोदशी (6 जून, 1674) को स्वराज्य के प्रणेता एवं महान हिन्दू राजा श्रीशिव छत्रपति के राज्याभिषेक और हिन्दू पद पादशाही की स्थापना से भारतीय इतिहास को नयी दिशा मिली। कहते हैं कि यदि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म न होता और उन्होंने हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना न की होती, तब भारत अंधकार की दिशा में बहुत आगे चला जाता।

महान विजयनगर साम्राज्य के पतन के बाद भारतीय समाज का आत्मविश्वास निचले तल पर चला गया। अपने ही देश में फिर कभी हमारा अपना शासन होगा, जो भारतीय मूल्यों से संचालित हो, लोगों ने यह कल्पना करना ही छोड़ दिया। तब शिवाजी महाराज ने कुछ वीर पराक्रमी मित्रों के साथ 'स्वराज्य' की स्थापना का संकल्प लिया और अपने कृतित्व एवं विचारों से जनमानस के भीतर भी आत्मविश्वास जगाया। विषबेल की तरह फैलते मुगल शासन को रोकने और उखाड़ फेंकने का साहस शिवाजी महाराज ने दिखाया। गोविन्द सखाराम सरदेसाई अपने पुस्तक 'द हिस्ट्री ऑफ द मराठाज-शिवाजी एंड हिज टाइम' के वॉल्यूम-1 के पृष्ठ 97-98 पर लिखते हैं कि 'मुस्लिम शासन में घोर अन्धकार व्याप्त था। कोई पूछताछ नहीं, कोई न्याय नहीं। अधिकारी जो मर्जी करते थे। महिलाओं के स मान का उल्लंघन, हिंदुओं की हत्याएं और धर्मांतरण, उनके मंदिरों को तोड़ना, गोहत्या और इसी तरह के घृणित अत्याचार उस सरकार के अधीन हो रहे थे।। निज़ाम शाह ने जिजाऊ माँ साहेब के पिता, उनके भाइयों और पुत्रों की खुलेआम हत्या कर दी। बजाजी निंबालकर को जबरन इस्लाम कबूल कराया गया। अनगिनत उदाहरण उद्धृत किए जा सकते हैं। हिन्दू स मानित जीवन नहीं जी सकते थे'। ऐसे दौर में मुगलों के अत्याचारी शासन के विरुद्ध शिवाजी महाराज ने ऐसे साम्राज्य की स्थापना की जो भारत के 'स्व' पर आधारित था। उनके शासन में प्रजा सुखी और समृद्ध हुई। धर्म-संस्कृति फिर से पुलकित हो उठी।

हिन्दवी स्वराज्य 350 वर्ष के बाद भी प्रासंगिक है` योंकि वह जिन आदर्शों पर खड़ा था, वे सार्वभौगिक और कालजयी हैं। हिन्दवी स्वराज्य की चर्चा इसलिए भी प्रासंगिक है ` योंकि संयोग से केंद्र में आज ऐसी शासन व्यवस्था है, जो भारत को उसके 'स्व' से परिचित कराने के लिए कृत-संकल्पित है। हिन्दवी स्वराज्य का स्मरण एवं उसका अध्ययन हमें 'स्व' के और अधिक समीप लेकर जाएगा।

प्रसिद्ध इतिहासकार जदुनाथ सरदार के अनुसार, ÷शिवाजी के राजनीतिक आदर्श ऐसे थे कि हम उन्हें आज भी लगभग बिना किसी परिवर्तन के स्वीकार कर सकते हैं। उन्होंने अपनी प्रजा को शांति, सार्वभौमिक सहिष्णुता, सभी जातियों और पंथों के लिए समान अवसर, प्रशासन की एक लाभकारी, सक्रिय और शुद्ध प्रणाली, व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक नौसेना और मातृभूमि की रक्षा के लिए एक प्रशिक्षित सेना देने का लक्ष्य रखा÷। यदि हम वर्तमान मोदी सरकार की शासन व्यवस्था के सिद्धाँतों को देखें, तो उसके केंद्र में भी लगभग यही विचार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार यह उल्लेखित करते हैं कि उनकी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र को लेकर चल रही है।

शिवाजी महाराज ने राज्य को 'स्व' का आधार देते हुए भारत केंद्रित नीतियों को बढ़ावा दिया, जैसे- फारसी और अरबी को हटाकर स्वभाषा का प्रचलन, विदेशी मुद्रा की जगह स्वराज्य की नयी मुद्रा शुरू करना, किसानों और सरकार के बीच से बहुत समय से प्रचलित आढ़ती व्यवस्था को हटाकर राजस्व संग्रह करने के लिए रैयतवाडी व्यवस्था प्रारंभ की, सीमा सुरक्षा के नये प्रबंध, विदेश नीति में बदल, राज्य व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अष्टप्रधान मंडल की व्यवस्था, सैन्य सशक्तिकरण पर जोर और मुगलों की अन्य व्यवस्थाओं को ध्वस्त करके नयी व्यवस्थाएं खड़ी करना। हिन्दवी स्वराज्य की भाँति ही वर्तमान केंद्र सरकार भी मानती है कि कृषि एवं उद्योग को प्रोत्साहन देकर लोगों की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। जब लोग आत्मनिर्भर होंगे, तब ही राज्य भी आत्मनिर्भर होकर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेगा। वर्तमान सरकार ने कृषि सुधारों के लिए आगे बढ़कर पहल की है।

हालांकि कुछ लोगों की जिद के कारण सरकार को तीन ऐतिहासिक कृषि कानून वापस लेने पड़े। मुद्रा प्रबंधन में भी सरकार शिवाजी महाराज की तरह सजग है। जाली नोटों से निपटने एवं कालेधन पर चोट करने के लिए केंद्र सरकार ने विमुद्रीकरण की प्रक्रिया को अपनाया। जब एक बार फिर सरकार को लगा कि दो हजार रुपये के नोट के रूप में कालाधन जमा होने लगा है और जाली नोट की सं या भी बढ़ रही है, तब एक बार फिर सरकार ने मुद्रा प्रबंधन के सिद्धांत का पालन करते हुए इस बड़े नोट के प्रचलन को बंद कर दिया।

कल्याणकारी राज्य की स्थापना का एक और सिद्धांत है कि राजनीति में परिवारवाद के लिए स्थान नहीं होना चाहिए। जब छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'स्वराज्य' की स्थापना की, तब उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया था कि यह भोंसले घराने का शासन नहीं है, यह मराठा साम्राज्य भी नहीं है, यह हम सबका 'स्वराज्य' है। इसमें सबकी समान भागीदारी है। यह ईश्वरी की इच्छा से स्थापित 'हिन्दू साम्राज्य' है। इसलिए उन्होंने अपने साम्राज्य को महाराष्ट्र साम्राज्य, मराठी साम्राज्य, भोंसले साम्राज्य नाम न देकर, उसे 'हिन्दवी साम्राज्य' और 'हिन्दू पद पादशाही' कहा।

मुगल साम्राज्य के ज्यादातर किलों का प्रमुख औरंगजेब का कोई रिश्तेदार ही था। जबकि हिन्दवी स्वराज्य में किलेदार की नियुक्ति की कड़ी और पारदर्शी व्यवस्था थी, तय मापदंड पर खरा उतरनेवाले व्यक्ति को ही किले की जि मेदारी मिलती थी। उनके राज्य के शासन में किसी के लिए अनुशासन में ढील नहीं थी। जो नियम सामान्य नागरिक के लिए थे, उनका पालन महाराज भी उतनी ही कठोरता से करते थे। अपराध करने पर उनके रिश्तेदार भी सजा और कानून से बच नहीं सकते थे। उनका शासन सही अर्थों में प्रजा का शासन था।

मछुआरों से लेकर वेदशास्त्र पंडित, सभी उनके राज्यशासन में सहभागी थे। स्वराज्य में छुआछूत के लिए कोई स्थान नहीं था। पन्हाल गढ़ की घेराबंदी में नकली शिवाजी बनकर महाराज की रक्षा करनेवाले शिवा काशिद, जाति से नाई थे। अफजल खान के समर प्रसंग में शिवाजी के प्राणों की रक्षा करनेवाला जीवा महाला था। आगरा के किले में कैद के दौरान उनकी सेवा करने वाला मदारी मेहतर था।

हिन्दवी स्वराज्य के 350वें वर्ष में जब हम उसका अध्ययन करेंगे तो एक बात स्पष्ट तौर पर दिखायी देगी कि छत्रपति शिवाजी महाराज मात्र एक व्यक्ति या राजा नहीं, वे एक विचार और एक युगप्रवर्तन के शिल्पकार थे। इसलिए जब ईस्वी सन् 1680 में शिवाजी महाराज ने हिन्दवी स्वराज्य की राजधानी दुर्गदुर्गेश्वर 'रायगढ़' की गोद में अंतिम सांस ली, तो उनका विचार उनके साथ समाप्त नहीं हुआ।

अे सर यह होता है कि कोई प्रतापी राजा अपने बाहुबल और सैन्य कौशल से बड़े साम्राज्य की स्थापना करता है लेकिन उसकी मृत्यु के बाद वह साम्राज्य ढह जाता है। शिवाजी महाराज के साथ ठीक उलटा हुआ। उनके देवलोकगमन के बाद हिन्दवी साम्राज्य का अधिक विस्तार हुआ और वह समय भी आया जब मुगलिया सल्तनत धूलि में मिल गई तथा भारतवर्ष में हिन्दवी स्वराज्य का परम पवित्र भगवा ध्वज गर्व से लहराने लगा।

छत्रपति शिवाजी महाराज के निधन के समय मुगल साम्राज्य उत्तर में काबुल प्रांत से लेकर दक्षिण में तिरुचिरापल्ली तक, पश्चिम में गुजरात तक और पूर्व में असम के बहुत बाहरी इलाके तक, , भारत के एक बड़े हिस्से पर फैला हुआ था। ऐसा कह सकते हैं कि मुगल बादशाह की हुकूमत देश के हर हिस्से में चलती थी। लेकिन 1719 में अत्याचारी औरंगज़ेब की मृत्यु के 12 वर्षों के भीतर ही मराठों ने दिल्ली में प्रवेश किया और मुगल राजधानी के मु य मार्गों में भगवा ध्वज लेकर पथ-संचलन साफ संदेश दे दिया कि अब भारत विदेशी आक्रांताओं के चंगुल से स्वतंत्र होकर रहेगा। 1740 तक मालवा और बुंदेलखंड पर मराठों का आधिपत्य हो गया।

1751 में उन्होंने उड़ीसा पर कब्जा कर लिया और बंगाल और बिहार पर चौथ लगाया। 1757 में उन्होंने गुजरात की राजधानी अहमदाबाद पर कब्जा कर लिया और 1758 में हम उन्हें पंजाब को अधीन करते हुए और अटक के किले पर भगवा ध्वज लहरा दिया। महादजी सिंधिया ने 1784 में दिल्ली से मुगल सल्तनत को पूरी तरह उखाड़कर फेंक दिया। 1784 से 1803 तक दिल्ली के लाल किले की प्राचीर पर हिन्दू संस्कृति का परम पवित्र 'भगवा ध्वज' गर्व से लहराया। अब भारत की सीमाओं की सुरक्षा की जि मेदारी हिन्दवी स्वराज्य के योद्धाओं के कंधों पर आ गई थी। इसलिए दक्षिण में तटीय क्षेत्रों को पुर्तगालियों के कब्जों से मुक्त कराना हो या फिर उत्तर में अफगानिस्तान के मैदानों से प्रवेश करनेवाले आक्रांताओं के वार झेलने हों, हिन्दू साम्राज्य की सेना ही मोर्चा लिए दिखायी देती है।

हमें इस तथ्य से सबको अवगत कराना चाहिए कि अंग्रेजों के हाथों में भारत के शासन के सूत्र मुगलों से नहीं, अपितु हिन्दुओं के पराभव से पहुँचे। सन् 1803 में असई की लड़ाई के साथ ही भारत में अंग्रेजों का वर्चस्व बढ़ गया, जो तीसरे आंग्ल-मराठा युद्ध-1818 में अंग्रेजों की जीत के साथ लंबे समय तक स्थायी हो गया। स्मरण रखें कि हिन्दवी स्वराज्य पर हमला करने के लिए मुगलों ने ही अंग्रेजों को आमंत्रित किया था।


हिन्दवी स्वराज्य का यह सामर्थ्य, उसका वैभव, उसके सिद्धांत और आदर्श, आज भी हमारे लिए प्रेरणा और पथ-प्रदर्शक हैं। इसलिए 'स्वराज्य-350' के स्वर्णिम अध्याय के पृष्ठ उलटने के कर्मकांड से ऊपर उठकर उसके आदर्श को धरातर पर उतारने और उसे प्रगाढ़ करने का वातावरण बनाना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की ओर से शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350वां वर्ष प्रारंभ होने पर वक्तव्य जारी करके स्वयंसेवकों एवं समाज के सभी बंधुओं से आह्वान किया है कि इस संदर्भ में होनेवाले कार्यक्रमों में सहभागिता करें। प्रतिनिधि सभा की ओर से माननीय सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय जी होसबाले के आह्वान का अधिकतम अनुपालन होना चाहिए।

राज्याभिषेक को केंद्र में रखकर जो कार्यक्रम आयोजित हों, उनमें हमें सहभागिता करने के साथ ही अपने स्तर पर भी राज्याभिषेक की घटना के महत्व को प्रकाश में लाकर, 'स्व' की भावना को जगाने में सहयोग करना चाहिए। समूचा देश जब स्वाधीनता का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की ऐतिहासिक घटना का स्मरण करना इसलिए भी प्रासंगिक होगा कि हम 'स्वराज्य' की संकल्पना को सही अर्थों में समझ पाएंगे।

## हर जिले की अपनी पहचान, एक जिला-एक उत्पाद मॉनीटरिंग के लिए बनी समिति

**मध्यप्रदेश के हर जिले की अपनी खास पहचान के लिए एक जिला-एक उत्पाद योजना (ODOP) के तहत मॉनीटरिंग के लिए समिति का गठन कर दिया गया है. वहीं अब जिला स्तर पर मॉनीटरिंग के लिए भी समिति गठित की जाएगी, जिसकी मॉनिटरिंग कले टर करेंगे.**



भोपाल। मध्य प्रदेश में एक जिला-एक उत्पाद योजना (ODOP) की मॉनीटरिंग के समिति का गठन कर दिया गया है. इस संबंध में राज्य शासन ने आदेश भी जारी कर दिए हैं. इस समिति की अध्यक्षता कृषि उत्पादन आयुक्त करेंगे, जबकि अपर सचिव एवं प्रमुख सचिव उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, अपर मु य सचिव वित्त, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मण्डी बोर्ड) और संचालक कृषि अभियांत्रिकी इस समिति के सदस्य होंगे.

**जिला स्तर पर मॉनीटरिंग के लिए गठित की जाएगी समिति**

अब हर जिला हर उत्पाद योजना की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन भी किया जाएगा. जिला स्तरीय समिति का गठन कले टर की अध्यक्षता में होगा. इसमें सचिव उप संचालक किसान-कल्याण तथा कृषि विकास सदस्य होंगे. एक जिला एक उत्पाद को अधिक बढ़ावा देने के लिए समिति का गठन कराया गया है. इस समिति के अन्य सदस्यों में परियोजना संचालक (आत्मा), महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सहायक कृषि यंत्री और जिला मु यालय स्तर पर सचिव मंडी समिति को शामिल किया गया है.

**या है एक जिला-एक उत्पाद योजना**

साल 2022, अगस्त के महीने में देश भर में जिले के उत्पादों की बिक्री और खरीद को बढ़ावा देने के लिए 200 से अधिक उत्पाद श्रेणियों के साथ इस योजना को लॉन्च किया गया था. ह्ष्ठह्क्क जल्द खराब होने वाली उपज आधारित या अनाज आधारित या एक क्षेत्र में व्यापक रूप से उत्पादित खाद्य पदार्थ जैसे, आम, आलू, अचार, बाजरा आधारित उत्पाद, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन आदि हो सकता है. इसके अलावा इस योजना के तहत अपशिष्ट से धन उत्पादों सहित कुछ अन्य पारंपरिक और नवीन उत्पादों को सहायता प्रदान की जा सकती है. इस योजना को बढ़ावा मिलने से देश के लघु और कुटीर उद्योगों, लोकल कलाकारों, स्थानीय शिल्पकारों को प्रोत्साहन मिलेगा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे.

## BU और RDVV यूनिवर्सिटी की सभी परीक्षाएं स्थगित

मध्य प्रदेश की कई प्रमुख यूनिवर्सिटियों के कर्मचारियों ने अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल का फैसला लिया। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारी सड़क पर उतर आए है। जिसका असर विश्वविद्यालयों पर पड़ने लगा है। शिक्षक और कर्मतारी न होने के कारण बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी की सभी परिक्षाएं रद्द कर दी गई है। विश्वविद्यालय ने संशोधित अधिसूचना जारी कर दी है। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते ये फैसला लिया गया है, जिससे छात्र काफी नाराज हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि, यूनिवर्सिटी से संबंधित समस्त महाविद्यालयों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर संचालित स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षाएं अपरिहार्य कारणों से 4 जून से आगामी आदेश तक स्थगित की जाती है। स्थगित प्रश्नपत्रों की समय सारणी अलग से जारी की जाएगी।

बता दें कि, शिक्षक और कर्मचारियों की हड़ताल का असर राजधानी भोपाल में देखने को मिलेगा। यहां के शिक्षक और कर्मचारियों की आज से कामबंद हड़ताल पर जा रहे है। बता दें, प्रदेश की 8 यूनिवर्सिटी के शिक्षक हड़ताल पर है। जिसके चलते आगामी आदेश तक सभी परीक्षाएं रद्द रहेंगी। ये परीक्षाएं 4 जून से शुरू होने वाली थी। गौरतलब है कि, वेतनमान, पेंशन सहित 9 मांगों को लेकर कर्मचारी हड़ताल कर रहे है। शिक्षक कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन बीते मई से चल रहा है। जिसका असर अब परिक्षाओं पर दिखाई पड़ रहा है। आने वाले समय में हड़ताल की वजह से परेशानियां बढ़ सकती है।

जानकारी के लिए बता दें कि, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, जिस कारण प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं निर्धारित परीक्षा केंद्रों तक नहीं पहुंच सकीं। हालांकि अधिसूचना में अपरिहार्य कारणों से परीक्षाएं स्थगित करने का हवाला दिया है। स्थगित प्रश्न पत्रों की समय सारणी अलग से जारी की जाएगी।

वहीं, इंदौर में भी हड़ताल का असर देखने को मिलेगा। इंदौर में मप्र कर्मचारी संगठन भी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे है। डीएवीवी के कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठने वाले है। जिसके चलते बीए, बीकॉम और बीएससी प्रथम वर्ष के प्रश्न पत्र फिर स्थगित कर दिए गए है। इस हड़ताल का असर 5 जून से होने वाली सीईटीपीजी की परीक्षा पर भी पड़ सकता है। फिलहाल स्थगित की गई परीक्षाएं 15 जून के बाद होने की संभावना जताई जा रही है।

## जबलपुर में 12 जून को आएगीं प्रियंका गांधी

सिवनी यशोः- अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव श्रीमति प्रियंका गांधी जी का आगमन जबलपुर में 12 जून 2023 को हो रहा है। श्रीमति गांधी जबलपुर में विशाल जनसभा को स बोधित करेंगी।

श्रीमति प्रियंका गांधी जी के आगमन की तैयारियों के संबंध में मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय श्रीमति विभा पटेल जी एवं उपाध्यक्ष श्रीमति जमुना मरावी जी का 7 जून 2023 दिन बुधवार को शाम 4 बजे सिवनी आगमन हो रहा है। श्रीमति विभा पटेल जी जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन पंहुचकर श्रीमति गांधी जी के जबलपुर आगमन के संबंध में, महिला कांग्रेस की पदाधिकारियो से विचार विमर्श करेंगी।

## मिशनरी संस्था के बालगृह संचालक व अन्य के खिलाफ एफआईआर



कटनी. राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग कटनी जिले में मिशनरी संस्था के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है. संस्था पर नाबालिग बच्चों को मतांतरण के लिए प्रेरित करने के आरोप लगे हैं. राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो द्वारा सोमवार को मिशनरी संस्था के निरीक्षण में यह बात सामने आई, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो सोमवार को प्रवास पर कटनी पहुंचे थे. उन्होंने यहां झिंझरी में संचालित एक बाल आश्रय गृह का निरीक्षण किया, जहां बच्चों ने आयोग अध्यक्ष से शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की.

उन्होंने ट्वीट कर कहा ङ्क ÷कटनी मध्यप्रदेश में एक मिशनरी द्वारा संचालित बाल गृह के निरीक्षण के दौरान हिन्दू आदिवासी व दलित बच्चों से जबरन क्रिश्चयन धर्म की प्रार्थना करवाए जाने व बच्चों को नियमानुसार उनके उपयोग की सामग्री न दिए जाने बच्चों के निजी दस्तावेज़ों में छेड़छाड़ किए जाने एवं बच्चों के कूट रचित दस्तावेज तैयार किए जाने के प्रमाण मिले हैं.

बच्चों ने ष्ट्ङ्खष्ट व ज़िला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों के विरुद्ध भी शिकायत की है. विशेष पुलिस इकाई ने बच्चों के बयान दर्ज कर लिए हैं. अब माधव नगर थाना कटनी में स्नढ्ढक्र दर्ज किए जाने हेतु मैं स्वयं जा रहा हूँ÷

एक अन्य ट्वीट में कहा ङ्क ÷देर रात तक पुलिस थाने में बैठ कर बाल गृह संचालक जेरल्ड अलमेडा व अन्य आरोपियों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम व मध्यप्रदेश धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के अंतर्गत मुक़दमा दर्ज करवाया, गड़बड़ियों में स मिलित सरकारी कर्मचारियों के नाम भी स्नढ्ढक्र में स मिलित किए गए हैं÷.

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने जबलपुर आएंगे उप राष्ट्रपति

जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के मौके पर जबलपुर में वृहद आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय आयोजन में उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ सहित कई वीवीआईपी गणमान्य नागरिक हिस्सा लेगें। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव कविता गर्ग ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जबलपुर में प्रस्तावित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करने गुरूवार को कले ट्रेट में बैठक ली। इस बैठक में मध्यप्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा भी शामिल हुए। वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि योग दिवस के आयोजन में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत अनेक गणमान्यजन भाग लेंगे।

**सुरक्षा, मौसम और तकनीकि तैयारी शुरू**

बैठक में बताया गया कि नवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम जबलपुर में होना प्रस्तावित है। इसी को लेकर आयोजित बैठक में आयोजन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। योग दिवस में शामिल होने वाले लोग व उनके ट्रांसपोर्टेशन, रिफ्रेशमेंट, नेट कनेक्टिविटी, अतिथियों के रूकने की व्यवस्था, सुरक्षा व इवेंट मेनेजमेंट ऐजेंसी के दायित्व, मौसम को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं, कार्यक्रम के समय व आमंत्रित अतिथियों की सूची के साथ आउटडोर पब्लिसिटी, योग दिवस के पूर्व कामन योगा ट्रेनिंग आदि पर चर्चा की गई।

**जबलपुर के लिए सौभाग्य की बात**

बैठक में यह भी कहा गया कि आयोजन बेहतरीन होना चाहिए। इसे लेकर एक उत्सवी माहौल बनाएं और पार्कों व अन्य स्थानों पर भी योग का कार्यक्रम रखा जाए। बैठक में कले टर सौरभ कुमार सुमन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन जबलपुर के लिए सौभाग्य की बात है। इसे भव्यतम रूप से संपन्न कराने हरसंभव प्रयास किया जाएगा। कले टर ने कहा कि कार्यक्रम को चूंकि भव्य और गौरवमयी बनाना है, अत– जितने भी योगा यासी हैं, पहले से इसकी तैयारी सुनिश्चित करना शुरू कर दें।

## इस साल प्रदेश में टूटा बारिश का रिकॉर्ड, 15 से 20 जून के मध्य हो सकती है मानसून की एंट्री

भोपाल।जहां हर साल मध्य प्रदेश में मई के महीने मे तेज गर्मी पड़ती थी. वहीं इस साल बारिश और ओलो ने मौसम में परिवर्तन कर दिया है. 15 वर्ष में ऐसा पहली बार होता दिखाई दिया जब प्रदेश के हर जिले में नॉर्मल से ज्यादा बारिश देखने को मिली. सामान्यत– 6.6 मिमी हर वर्ष मई के महीने में बारिश दर्ज होती थी. लेकिन इस बार सवा इंच से भी अधिक बारिश दर्ज हुई है. वहीं राजधानी भोपाल सहित इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में तो बारिश ने रिकॉर्ड ही तोड़ दिया है.

**मई में जाता था 46 से 48 डिग्री तक तापमान**

हर साल प्रदेश के कई जिलों में जैसे खजुराहो, खरगोन, टीकमगढ़, ग्वालियर ङ्क चंबल इत्यादि में मई के महीने के अंत तक तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक चला जाता था. किंतु इस वर्ष 8 से 10 दिन के लिए ही ऐसा तापमान देखने को मिल पाया. बारिश के साथ तेज



आंधी की र तार भी सामान्य से 3 गुना ज्यादा देखने को मिली.

सीनियर मौसम वैज्ञानिक एच एस पांडे द्वारा जानकारी दी कि इस वर्ष मात्र 13 से 24 मई के मध्य में ही गर्मी के तेवर देखने को मिले यदि खरगोन और खजुराहो को एक तरफ रखा जाए, तो किसी भी शहर में तापमान 46एतक नहीं पहुंच सका. राजधानी में 43.3 डिग्री तक तापमान पहुंचा. जिसका कारण सिस्टम एँ टव होना था. आपको बता दें मई के महीने में करीब 2 से 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस आते हैं, पर इस वर्ष यह आठ तक जा पहुंचे. जो की बहुत स्ट्रॉन्ग थे. जिस वजह से प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिला.

**जून के पहले सप्ताह में प्रदेश में हो सकती है बारिश**

मौसम विज्ञान वीक पांडे ने जानकारी दी है कि प्रदेश में अभी भी बारिश होने और आंधी चलने के हालात है. उत्तर भारत में एक जून से वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने वाला है. जिसका सीधा कर 3 जून से मध्य प्रदेश में नजर आने लगा लगेगा. इसी की वजह से मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में 5 जून को बारिश होने की संभावना है. वहीं राजधानी भोपाल समेत इंदौर जैसे कई शहरों में मौसम में परिवर्तन हो सकता है, साथ ही 5 जून को बूंदाबांदी भी हो सकती है.

**आने वाला है मानसून**

मानसून की बात की जाए तो 18 से 20 जून के मध्य में प्रदेश में एंट्री करने की संभावना. किसी वजह से केरल राज्य में मानसून देरी से आता है, तो प्रदेश में भी इसका आगमन देरी से होगा.

# मानव जीवन को सही दिशा दिखाने में गुरू महत्वपूर्ण - शास्त्री साहेब जी

## छपारा में सद्गुरू कबीर प्राकटोत्सव प्रारंभ




छपारा यशो::-जिला सिवनी के नगर छपारा में आयोजित सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव के द्वितीय दिवस के पावन अवसर पर परम पूज्य आचार्य श्री राम जीवन शास्त्री साहेब जी ने विभिन्न अंचलों से पधारे भक्तजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन को सही दिशा और दशा प्रदान करने वाले वर्तमान के गुरु ही होते हैं । गुरु इस मानव जीवन के सूर्य हैं ।जिस प्रकार बिना सूर्य के प्रकाश मय सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती ।इसी प्रकार बिना गुरु के श्रेष्ठ मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। व्यक्ति बिना गुरु के अज्ञान अंधकार में भटकते रहता है गुरु का हमारे जीवन में बड़ा ही महत्व है जो अपने ज्ञान प्रकाश से आलोकित कर समाज को एक नई दिशा ,नई चेतना का संचार कर एक श्रेष्ठ एवं आदर्श परिवार एवं समाज का निर्माण कर जीवन को सही अर्थ में जीने की कला सिखाते हैं। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं, दुर्गुणों से सद्गुणों की ओर ले जाते हैं ,मृत्यु से अमरता की ओर ले जाते हैं, अज्ञानता से ज्ञान की ओर जाते हैं ,इसलिए गुरु अवश्य ही करना चाहिए ।आगे पूज्य आचार्य श्री ने कहा कि गुरु भक्ति के लिए आवश्यक है कि तन मन एवं वचन को स्थिर रखना होगा ।गुरु के चरणों में लगाए रखना होगा इसके लिए हमारे मल, विच्छेप और आवरण को दूर करना होगा अर्थात मन की मलिन दशा, विच्छेप अर्थात मन की चंचलता अर्थात चढ़ा हुआ आवरण। संतों की सेवा सत्संग करने से अवश्य ही हमारी मलिन दशा दूर हो जाती है। सेवा भक्ति नाम सुमरन स्मरण ,संध्या पाठ ,आरती करने से संसार से अपनी मोहाशक्ति हटाकर गुरु के चरणों में अपनी सुरती लगाते हैं तो उससे विच्छेप आवरण दूर होता है ।गुरु के नाम को धारण कर अंतरंग में ज्ञान प्रकाशित करने से अंतर पर्दा आवरण दूर हो जाता है आचार्य श्री ने कहा कि जब तक ओरिजिनल भक्ति नहीं होगी तब तक सही ज्ञान नहीं हो सकता है साहेब कहते हैं भक्ति में कुछ परहेज भी है जैसे कामी क्रोधी लालची इनसे भक्ति न होय ,भक्ति करे कोई सूरमा जाति वरन कुल खोय ।काम वासनादी में लिप्त व्यक्ति भक्ति के अधिकारी नहीं हैं, जो क्रोधी व्यक्ति हैं उनसे भी भक्ति संभव नहीं है, लालची व्यक्ति जिनको केवल धन वृद्धि आदि ही दिखता है वह भी सच्चे भक्त नहीं हो सकते ऐसे लोगों से भक्ति नहीं हो सकती भक्ति तो कोई सूरमा ,शूरवीर ही कर सकते हैं जो सब कुछ कुर्बान करने को तैयार है वही भक्ति करते हैं जो जाति ,वर्ण ,लोक लाज, कुल की मर्यादा ,मेरा तेरा, ममता, राग द्वेष से परे हैं, अलग हैं ऐसे व्यक्ति सत्य भक्ति को धारण कर सकते हैं ।भक्ति चाहे गृहस्थ हो या विरक्त सभी के लिए आवश्यक है। भक्ति करे सो लोके जाई या पुरुषा या नारी हो। इसलिए जड़ से नेह न जाने लगा कर हमेशा जागृत चैतन्य गुरु की भक्ति करना चाहिए। भक्ति से ज्ञान और ज्ञान से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है अंत में आचार्य श्री ने कहा कि अपने हृदय स्थल को पहले संस्कार के जल से सीचें फिर भक्ति का बीज लगाएं फिर भक्ति के वृक्ष पर ज्ञान का फल लगेगा ज्ञान के फल को जब हम चखेंगे तभी हम अमरता को प्राप्त करेंगे ।अर्थात ज्ञान को हृदय में धारण करके ही हम मुक्ति मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं ।यही हमारा उद्देश्य है ,यही जीवन का सार है बाकी जगत व्यवहार सारा मिथ्या है, परिवर्तनशील है। आज के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक दुबे जी, केवलारी विधानसभा के विधायक राकेश पाल एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर परम पूज्य आचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर कलेक्टर एसपी ने नगरीय क्षेत्र का किया निरीक्षण



सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने मॉडल रोड के साथ-साथ प्राइवेट बस स्टैंड, छिंदवाड़ा चौक, बाहुबली चौक, सर्किट हाउस चौक पहुँचकर सभी स्थानों पर सड़क के चौड़ीकरण के निर्देश दिये। उन्होंने स बन्धित विभागों को अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक चौक-चौराहों पर सड़क का चौड़ीकरण किया जाये ताकि नगरवासियों को सुविधाजनक आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने मु य मार्ग एवं चौक- चौराहों के निकट स्थित अस्थायी दुकानों एवं ठेलों को भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका यातायात एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## आधार लिंकिंग एवं डीबीटी इनेबल्ड कार्यवाही का कलेक्टर ने किया अवलोकन



सिवनी यशोः- मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना की पात्र महिला हितग्राहियों को प्रतिमाह 1 हजार रूपये उनके आधार लिं ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खाते में किया जाना है। कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में ऐसी पात्र महिला हितग्राही जिनके बैंक खाते आधार से लिंक तथा डीबीटी इनेबल्ड नहीं हैं, उनके आधार लिंकिंग के लिए कैंप आयोजित कर उक्तानुसार कार्यवाही की जा रही है।

कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार को अपने कुरई विकासखंड के प्रवास के दौरान खवासा, कुरई, गोपालगंज एवं विकासखंड बरघाट के इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक बरघाट तथा स्टेट बैंक बरघाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित बैंक कर्मियों को निर्देशित किया कि मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना की पात्र महिलाओं के बैंक खाते सुविधाजनक रूप से डीबीटी इनेबल्ड किये जाएं। उन्होंने बैंकों में बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

## मेसर्स जनता मेडिकल स्टोर्स का 7 दिवस के लिए लाइसेंस निलंबित

सिवनी यशोः-औषधि निरीक्षक अनुभूति शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स संचालकों द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 व नियमावली 1945 के नियमों के पालन व उल्लघंन की जांच हेतु सतत रूप से जांच दल द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में गोपालगंज स्थित मेसर्स जनता मडिकल स्टोर के निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट के अनुपस्थित पाए गए साथ ही दवाईयों का क्रय-विक्रय रिकॉर्ड एवं शेड्यूल एच1 दवाओं के विक्रय रजिस्टर संधारण में गड़बड़ी पाए जाने तथा वेटनरी व ऐ सपायर्ड स्टॉक पर नियमानुसार लेबल नहीं लगाए जाने के कारण मेसर्स जनता मेडिकल स्टोर्स संचालक अब्दुल कुहार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। दुकान संचालक द्वारा प्रस्तुत जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मेसर्स जनता मेडिकल स्टोर्स गोपालगंज का ड्रग लाइसेंस 7 दिवस की अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में प्रतिष्ठान का संचालन एवं दवाईयों का क्रय-विक्रय पूर्णतः अवैधनिक माना जाएगा एवं निलंबन आदेशक का पालन न करने पर दुकान संचालक के विरूध्द प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

## नगरीय क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर कले टर एसपी ने नगरीय क्षेत्र का निरीक्षण किया

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने मॉडल रोड के साथ-साथ प्राइवेट बस स्टैंड, छिंदवाड़ा चौक, बाहुबली चौक, सर्किट हाउस चौक पहुँचकर सभी स्थानों पर सड़क के चौड़ीकरण के निर्देश दिये। उन्होंने स बन्धित विभागों को अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक चौक-चौराहों पर सड़क का चौड़ीकरण किया जाये ताकि नगरवासियों को सुविधाजनक आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने मु य मार्ग एवं चौक- चौराहों के निकट स्थित अस्थायी दुकानों एवं ठेलों को भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका यातायात एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार पूर्ण गुणवत्ता से किया जाए मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य- कले टर

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार 2 जून को कुरई एवं बरघाट में आयोजित बीएलओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यवाही तय समय सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जारी कार्यक्रमानुसार 23 जून तक बीएलओ अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर में स पर्क कर मतदाता सूची का मिलान करें, मिलान के दौरान ऐसे मतदाता जो अन्यत्र कहीं स्थाई रूप से निवास कर रहे हैं, मृत हो चुके हैं, उनके मतदाता सूची से नाम हटाए जाएं। इसी तरह 01 अ टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष के होने वाले नवीन मतदाताओं को भी मतदाता सूची में शामिल किया जाए। उन्होंने इस दौरान गुणवत्ताहीन, बिना फोटो या धुंधली फोटो के ईपिक कार्ड में सुधार कार्यवाही भी करने के निर्देश दिए हैं।

कले टर श्री सिंघल ने बीएलओ को पुनरीक्षण अवधि के दौरान प्रस्तावित मतदान केन्द्रों के निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, मास्टर ट्रेनर एवं बीएलओ के रूप में उपस्थित नियुक्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित

मडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति तथा जनजाति (अत्याचार-निवारण) अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के त्रैमासिक कार्यो की समीक्षा की गई। विधि व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कले टर ने निर्देशित किया कि प्रकरणों के समय पर चालान प्रस्तुत करें तथा विवेचना गंभीरता से पूर्ण करें। डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि एससी-एसटी से जुड़े प्रकरणों पर आवश्यकतानुसार अपील की कार्यवाही भी करें। उन्होंने कहा कि राहत संबंधी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें।

कले टर ने जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में निर्देशित किया कि एससी-एसटी के प्रकरणों पर सकारात्मक एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग, पुलिस विभाग से लगातार समन्वय करें। उन्होंने एसी ट्राईबल को निर्देशित किया कि पीड़ितों को दी जाने वाली राहत, प्रकरणों की स्वीकृति तथा मुआवजा वितरण की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। कले टर ने बैठक में कहा कि जिन्हें न्यायालय द्वारा दंड दिया गया है उनके बच्चों के पुर्नवास की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक निवास डॉ. अशोक मर्सकोले, विधायक बिछिया नारायण पट्टा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत रानी बाटड, अपर कले टर मीना मसराम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेसर्स राजाधिराज इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. को आधिपत्य प्रदान करने हेतु नोटिस जारी

सिवनी यशोः- मेसर्स राजाधिराज इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. (डालडा फै ट्री) को अर्द्धशहरीय औद्योगिक संस्थान सिवनी में सॉलवेन्ट एस्टेंशन प्लॉन्ट एवं वनस्पति प्लान्ट हेतु आवंटित 8.71 एकड़ भूमि की लीजडीड एवं आंवटन आदेश इकाई विगत कई वर्षो से बंद होने के कारण एवं लीजडीड की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के फलस्वरूप 30 दिवसीय नोटिस जारी किया गया था, जिसका कोई जवाब इकाई द्वारा नहीं दिया गया। जिसके फलस्वरूप जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी के महाप्रबंधक श्री आर. एस. उईके द्वारा 25.05.2023 को मेसर्स राजाधिराज इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0 की लीजडीड निरस्त कर दी गयी है। इस संबंध में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा शुक्रवार 2 जून 23 को 15 दिवस के अंदर इकाई को भूमि का आधिपत्य विभाग को सौंपने संबंधी नोटिस जारी किया गया, निर्धारित समय सीमा में आधिपत्य नहीं सौंपने की स्थिति में पंचनामा के आधार पर विभाग द्वारा कब्जा प्राप्त कर लिया जाएगा।

## प्रदेश की ज्वाइंट सेकेंडरी द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त तनु बिसेन का किया गया सम्मान



सिवनी यशोः- हॉकी इण्डिया द्वारा राजनांदगांव (छ. ग.) में आयोजित महिला जूनियर नेशनल हाकी प्रतियोगिता में म.प्र. की टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र की टीम को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त कर मध्यप्रदेश को गौरविंत किया है। म.प्र. की टीम में सिवनी की होनहार खिलाड़ी कु तनु बिसेन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खेल और गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। श्रीमती मकसूदा मिर्जा ज्वाइंट सेकेटरी हाकी म.प्र. व पूर्व डिप्टी डायरे टर युवा कल्याण विभाग द्वारा कु. तनु बिसेन को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स मानित किया गया।

विदित हो कि कु. तनु बिसेन हाकी एकेडमी ग्वालियर मे प्रशिक्षणरत है तथा इसका चयन भी श्रीमती मकसूदा मिर्जा द्वारा कराया गया था। श्रीमती मकसूदा मिर्जा स्वयं ही श्रेष्ठ खिलाड़ी रही है तथा खिलाडियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रयास करती है तथा खिलाडियों को मार्ग दर्शन देती रहती है, कार्यक्रम का आयोजन श्रीमति मकसूदा मिर्जा द्वारा पुलिस ग्राउण्ड पर किया गया। कार्यक्रम में एस. बी. मिर्जा, रशीद कुरैशी, खलिद उमर काबिद खान, जावेद नूरानी, संजू जैन, गोपाल चौरसिया, अशोक नाविक, फैसल खान, श्रीमती हेमा गौर आदि उपस्थित थे।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन गोस्वामी समाज के भवन निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम शामिल हुये

सिवनी यशोः- शनिवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन गोस्वामी समाज के भवन निर्माण कार्यक्रम के भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए सिवनी नगर के समीपस्थ ग्राम खैरीटेक में स्थित सिद्धीविनायक लान में अखिल भारतीय गोस्वामी सभा जिला इकाई सिवनी के तत्वावधान में दोपहर 12:00 बजे से आयोजित गोस्वामी समाज के भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक दिनेश राय मुनमुन विशिष्ट अतिथि के रुप मे शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर श्री राय ने सर्वप्रथम आदिशंकराचार्य जी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन् किया। तत्पश्चात समाज के पदाधिकारियों द्वारा आपका फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया जाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। स्वागत बेला के उपरांत विधायक श्री राय ने अपने संबोधन में गोस्वामी समाज भवन के लिए सामाजिक बंधुओं को शुभकामनाएं दी तथा विधायक निधि से समाज के भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान किया। इस दौरान बालकृष्ण पर्वत गोस्वामी राष्ट्रीय अध्यक्ष गोस्वामी समाज, राकेश पाल विधायक, प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्नागिरी गोस्वामी,अरविन्द गिरी गोस्वामी, सुरेन्द्र गिरी गोस्वामी, लक्ष्मणगिरी गोस्वामी,सुबोध गिरी गोस्वामी, देवकुमार भारती गोस्वामी,विपिन यति गोस्वामी, अमरीशगिरी गोस्वामी, साहबपुरी गोस्वामी अतिथि के रुप में उपस्थित थे। इस अवसर पर नरेश गिरी गोस्वामी विधायक प्रतिनिधि सहित गोस्वामी सभा के पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।



## निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार पूर्ण गुणवत्ता से किया जाए मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य- कले टर



सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार 2 जून को कुरई एवं बरघाट में आयोजित बीएलओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यवाही तय समय सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जारी कार्यक्रमानुसार 23 जून तक बीएलओ अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर में स पर्क कर मतदाता सूची का मिलान करें, मिलान के दौरान ऐसे मतदाता जो अन्यत्र कहीं स्थाई रूप से निवास कर रहे हैं, मृत हो चुके हैं, उनके मतदाता सूची से नाम हटाए जाएं। इसी तरह 01 अ टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष के होने वाले नवीन मतदाताओं को भी मतदाता सूची में शामिल किया जाए। उन्होंने इस दौरान गुणवत्ताहीन, बिना फोटो या धुंधली फोटो के ईपिक कार्ड में सुधार कार्यवाही भी करने के निर्देश दिए हैं।

कले टर श्री सिंघल ने बीएलओ को पुनरीक्षण अवधि के दौरान प्रस्तावित मतदान केन्द्रों के निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, मास्टर ट्रेनर एवं बीएलओ के रूप में उपस्थित नियुक्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## नगर परिषद द्वारा नाले में गैर जरूरी रिटर्निंग वॉल कार्य युद्धस्तर पर, वहीं पेयजल आपूर्ति की टंकी की कोई सुध नहीं

**टंकी डिस्मेंटल करने व अमृत 2 योजना ठंडे बस्ते में,**



छपारा यशोः- नगर परिषद छपारा के वर्ष 2021-22 में पूर्ण रूप से आस्तित्व में आने से उ मीद थी कि ग्राम पंचायत की तुलना में बेहतर व्यवस्था नगरवासियों को मिलेगी किंतु परिषद के द्वारा मूलभूत आवश्यकताओं की सुविधाए जैसे नगर वासियों को शुद्ध पेयजल,चौड़ी सड़कें , नगर से निकलने वाला कचरे निस्तारण या उचित प्रबंधन,पार्क और खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना जो की खासकर बीजेपी द्वारा अपने घोषणापत्र में नगर सरकार बनने के बाद वादे किए गए किंतु आखिर वादे तो वादे ही होते हैं उनको शायद पूरा नहीं किया जाता। इन सभी नगर वासियों की मूलभूत सुविधाओं को छोड़कर परिषद द्वारा वर्तमान में नगर के मध्य से बहने वाले चमरिया नाला पर लगभग एक की लागत से रिटर्निंग वॉल का कार्य युद्धस्तर पर आरंभ कर दिया गया है ज्ञात हो कि चमरिया नाला के उक्त अधिकांश हिस्सा अतिक्रमण की जद में हैं इसके अलावा यह कार्य पेयजल आपूर्ति जैसी मु य जन उपयोगी सुविधा की तुलना में गैर जरूरी है `योंकि नगर को पेयजलापूर्ति में मु य रूप से उपयोग किए जाने वाली पानी की एकमात्र टंकी पीएचई कार्यालय परिसर में जो की लगभग 40 वर्ष पुरानी हो गई है गंभीर स्थिति में हैं जो कभी भी धराशाई हो सकती है इसके अलावा संपूर्ण नगर में पेयजल की बिछी हुई पाइप लाइन भी कई जगहों से क्षतिग्रस्त होने के कारण दूषित पानी लोगों के घरों में पहुंचता है, साथ नगर के बस स्टैंड क्षेत्र से लगे लगभग पांच वार्ड को अभी बोरबेल कने शन से पेयजल आपूर्ति की जा रही जो आज भी जलस्तर के ऊपर निर्भर हैं जहां वर्तमान में लगभग सप्ताह में सिर्फ एक बार कुछ समय के लिए पानी की सप्लाई हो पा रही है तो परिषद क्षेत्र के कुछ वार्ड वासियों ने बताया कि संजय कॉलोनी, लालमाटी और गहरानाला,पिंडरई क्षेत्र में पेयजल की इस गर्मी के सीजन में अत्यधिक समस्या है जिसको प्राथमिकता से सर्वप्रथम ठीक करना था। नगर वासियों द्वारा ग्राम पंचायत के समय से लंबित इन कार्यों के लिए नगर परिषद कब अमली जामा पहनायेगी वो तो भविष्य के गर्त में है, किंतु नगर वासियों द्वारा नगर परिषद के जि मेदारो से एवं नगर के जागरूक जनप्रतिनिधियों से मांग की जा रही है कि इस तरह के गैरजरूरी कामों में करोड़ों रुपए खर्च ना करके मूलभूत सुविधाओं की ओर ध्यान देते हुए कार्य किए जाएं जिससे नगर का विकास होगा ।

# सभी विभाग बारिश के पूर्व की अपनी जि मेदारियाँ पूरी करें - कले टर

**आपदा प्रबंधन की बैठक में कले टर के निर्देश**

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने आपदा प्रबंधन एवं आगामी बारिश के पूर्व की तैयारियों के संबंध में जरूरी बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी विभाग बारिश के पूर्व के अपने दायित्वों को पूरा करें। उन्होंने नगरपालिका, जल संसाधन विभाग, होमगार्ड्स, पीएचई, बिजली एवं अन्य विभागों को उनके दायित्वों के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि जिले में बारिश के दौरान संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करें। इन स्थलों पर शासन के निर्देशानुसार सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के पूर्व नालियों की सफाई, अनावश्यक गड्ढे भराव आदि की कार्यवाही पूरी करें। इसी प्रकार बारिश के दौरान साफ पानी एवं अन्य जरूरी इंतजाम पु ता करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत रानी बाटड, एडीएम मीना मसराम सहित संबंधित उपस्थित थे।



डॉ. सिडाना ने जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया कि जिले की सभी बांधों का परीक्षण करें। उनमें आवश्यक मर मत एवं मेंन्टेनेन्स का कार्य तत्काल पूरा करें। कले टर ने जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया कि बांधों के निचले क्षेत्रों में पानी छोड़ने के पूर्व सूचना देने की प्रभावी व्यवस्था बनाएं। उन्होंने मटियारी बांध के निचले क्षेत्रों में अनाउंसमेंट एवं मुनादी आदि के लिए समन्वय बनाने के निर्देश दिए। कले टर ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि बारिश के पूर्व के मैंन्टेनेन्स कार्य पूरा करें।

कले टर ने होमगार्ड्स को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में बारिश के दौरान अपने अमले की तैनाती करें। उन्होंने कहा कि होमगार्ड्स आपदा प्रबंधन से संबंधित मॉकड्रिल करें। इसी प्रकार बोर्ड्स, रस्सियाँ एवं राहत संबंधी जरूरी सामग्री की व्यवस्था पु ता रखें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित गोताखोरों की सूची संधारित की जाए तथा संबंधित विभागों से इनको साझा करें। डॉ. सिडाना ने स्वास्थ्य विभाग को बारिश के दौरान सर्पदंशरोधी दवाएँ, इमरजेंसी दवाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैदानी अमला बारिश के दौरान फील्ड में रहे। कले टर ने उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को भी बारिश के दौरान पशु हानि से बचाव एवं पशु चिकित्सा के लिए जरूरी दवाएं रखने के निर्देश दिए।

कले टर डॉ. सिडाना ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि बारिश के दौरान पेयजल की टेस्टिंग करें। जल स्त्रोतों का ` लोरीनेशन करें। ` लोरीन एवं ब्लीचिंग बाउडर जैसी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में रखें। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान पेयजल की समस्या न रहे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर भी बाढ़ नियंत्रण एवं वर्षा की जानकारी के लिए कंट्रोल रूम बनाएं एवं उसमें ड्यूटी लगाएं। कले टर ने संवेदनशील स्थानों, घाटों एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक अमले की तैनाती के साथ-साथ संकेतक लगाने के भी निर्देश दिए।

# जलाशयों में सिल्ट निकालने से बढ़ सकता है जलभराव

मंडला यशोः- इस जिले में अनेक वर्षों से पानी के लिए गर्मी के समय में किल्लत होती है और जल परिवहन किया जाता रहा है शहर से लगे ही कुछ गांवों में तो पानी का अभाव होने के कारण टैंकरों से पानी कुए में डाला जाता था। इसके पीछे कारण स्पष्ट था कि आपसी विवाद ना हो जिसके चलते टैंकर ने कुआं में पानी डाल दिया ग्रामीण सुविधा अनुसार पानी ले सकें। देखा जाए तो इस जिले के नए पुराने जलाशयों की सफाई हो जाए तो भरपूर पानी पूरे वर्ष रहेगा। इतिहास साक्षी है कि पिछले वर्षों से पेयजल परिवहन होता आया है किंतु इस बार इंद्रदेव मेहरबान रहे जिसके चलते पानी की कमी ज्यादा नहीं हो पाई पानी की समस्या से निजात पाने के लिए अंग्रेजों के जमाने में भी कुछ जलाशय बनाए गए थे फिर देश आजाद होने के बाद भी नए जलाशय बनाये गये। अभी जिले में छोटे बड़े 72 जलाशय हैं इन जलाशयों में काफी अधिक सिल्ट आ जाने के कारण जल भराव क्षेत्र कम हो गया है जिससे गर्मी में लगभग 70 प्रतिशत सूख जाते हैं। इन जलाशयों की सिल्ट निकाल दी जाए तो दो फायदे होंगे। पहला जलभराव की गहराई बढ़ेगी वही निकली हुई सिल्टखेतों में डालने से उत्पादन बढ़ेगा और किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इसी तरह से पंचायत, मनरेगा वन विभाग के अंतर्गत अनेक तालाबों को बनाया साथ ही स्टॉप डेमो का निर्माण अलग-अलग एजेंसियों द्वारा कराया गया, लेकिन दुर्भाग्य है कि इन जलाशयों में पानी नहीं ठहरा, वहीं बनाए गए स्टॉप की कड़ी शटर लोग लेकर चले गए जो लेकर गए हैं उन पर कोई कार्यवाही ना होने के कारण लोगों के हौसले बुलंद रहे। कड़ी शटर न होने से बारिश का पानी रुकता नहीं है। अभी भी समय है कुछ जलाशयों को चिन्हित किया जाए और उनकी सिल्ट निकाल दी जाए ताकि पानी वर्ष भरा रहे और गर्मियों में जलाशय में पानी होने से ग्रामीणों के साथ-साथ पशु पक्षी जानवर सभी को पानी उपलब्ध हो सकेगा, किसानों को प्रेरित किया जाय कि उपलब्ध पानी का उपयोग कर खेतों से डबल फसल लें।

## नशामुक्ति एवं अन्य नशीली दवाईयों की रोकथाम के संबंध में बैठक संपन्न

मंडला यशोः- नशामुक्ति एवं अन्य नशीली दवाईयों की रोकथाम के संबंध में आयोजित बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने संबंधित विभागों को स त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के चलन को रोकने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग, ट्रायबल तथा नगरीय निकायों से समन्वय कर सीईओ जिला पंचायत विस्तृत योजना तैयार करें। इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी सहयोग प्राप्त करें। डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि हॉटस्पॉट का चिन्हांकन करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। स्कूल तथा कॉलेज के आसपास सतत नजर रखें। सुनिश्चित करें शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास त बाखू सहित किसी भी प्रकार की नशीले पदार्थों का विक्रय नहीं होना चाहिए। कले टर ने दवा दुकानों के भी आकस्मिक जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक बिछिया नारायण पट्टा, विधायक निवास डॉ. अशोक मर्सकोले, पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, एडीएम , सीएमएचओ सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने लिया एफएलसी की तैयारियों का जायजा



मंडला यशोः- विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत ईव्हीएम की प्रथम स्तरीय जाँच (एफएलसी) 7 जून 2023 से प्रारंभ हो रही है। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण करते हुए एफएलसी कार्य की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मु य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कले टर मीना मसराम, निर्वाचन शाखा से अरूण कछवाहा, सीके तिवारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

**कले टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण**

कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने पॉलिटेंि नक कॉलेज मंडला स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाऊस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कले टर ने संबंधित अधिकारियों से वेयरहाऊस के निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, निर्वाचन शाखा से अरूण कछवाहा, सीके तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# प्राचार्यों का वित्तीय प्रशासनिक एवं अकादमिक जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न



मंडला यशोः- समग्र शिक्षा अभियान (सेकेंडरी एजुकेशन) लोक शिक्षण मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार हेतु शिक्षा विभाग एवं जनजाति कार्य विभाग के तथा जिले के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य को वित्तीय प्रशासनिक एवं अकादमिक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में 70 प्राचार्य (शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्यविभाग) को राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर से एस.सी. चतुर्वेदी प्राचार्य घाघा, ए.के. जैन प्राचार्य बिनैका, एस.एस. पांडे प्राचार्य खुर्शीपार एवं एस.के. डागोरिया प्राचार्य नर्मदा पोण्डीलिंगा द्वारा विभिन्न विषय-नियुक्ति पश्चात की जाने वाली कार्यवाही एवं सेवा पुस्तिका संधारण, नई शिक्षा नीति 2020, 21वीं सदी के विद्यार्थी और शिक्षक की भूमिका, आरटीई, मूलभूत नियम, शैक्षणिक प्रशासन में प्राचार्य की भूमिका, अनिवार्य शिक्षा अधिकार, सिविल सेवा की मूलभूत नियम, सीसीएलई, विद्यालय का अधोसंरचना विकास एवं संसाधनों का अनुकूलतम प्रयोग, आहरण संवितरण अधिकारी भूमिका, टीडीएस, जीएसटी प्रभावी बैठकों का आयोजन, भंडार क्रय नियम, अपलेखन, यात्रा देयक, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, महिला एवं बालिकाओं का संरक्षण, सिविल सेवा आचरण नियम, सूचना का अधिकार, न्यू पेंशन स्कीम, जीईएम पोर्टल एवं डिजी गवर्नमेंट, शिक्षण कार्य संबंधित पोर्टल, वित्त संहिता, गोपनीय चरित्रावली, आईएफएमएस और सीएम हेल्पलाईन, लेखा एवं पंजियों का संधारण, कौशल विकास, समावेशी शिक्षा, परीक्षा, मूल्यांकन सहित शाला स्तर पर संचालित समस्त गतिविधियों से प्राचार्य को प्रशिक्षित किया गया। प्राचार्यों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण का तृतीय बैच 7 जून से 11 जून 2023 तक महिष्मती सीटीसी ट्रेनिंग सेन्टर बीआरसी भवन में आयोजित होगा।

## मवई में आयुष मेला स्वास्थ्य शिविर 5 जून को

मंडला यशोः- जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवई में 5 जून 2023 को आयुष मेला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रवासियों से शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

## कॉलोनियों की लिखित सूचना 5 जून तक देने के निर्देश

मंडला यशोः- मु यमंत्री द्वारा 31 दिस बर 2022 तक की अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक अधोसंरचना एवं भवन निर्माण अनुज्ञा प्रदान करने की घोषणा की गई है। नगरपालिका सीमाक्षेत्रांतर्गत निवासरत समस्त नागरिकों एवं कोलोनाईजर को सूचित किया गया है कि 31 दिस बर 2022 तक अस्तित्व में आई अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक अधोसंरचना एवं भवन निर्माण अनुज्ञा प्रदान किये जाने हेतु सर्वेक्षण किया जाना है। तत्संबंध में नगरपालिका सीमा क्षेत्रांतर्गत 31 दिस बर 2022 तक अस्तित्व में आई कॉलोनियों की लिखित सूचना 5 जून 2023 तक कार्यालय में दी जा सकती है। 5 जून 2023 के पश्चात् दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

## बी.एल.ओ. का प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित

मंडला यशोः- फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत तहसील कार्यालय मण्डला सभागृह में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के बी.एल.ओ. का प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित की गई। बैठक में 31 अगस्त 2023 तक नवीन पात्र सभी मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र व्यक्तियों के नाम निरसन करने एवं वांछित संशोधन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# महाकाल लोक शिवराज सरकार का शर्मनाक घोटाला - कांग्रेस

सिवनी यशोः- शिवराज सिंह का महाकाल लोक घोटाला~ देते है भगवान को धोखा-इंसान को यें या छोड़ेंगे, भाजपा शिवराज सरकार का सबसे बड़ा पाप, पूरे प्रदेश को भ्रष्टाचार का अड्डा बना चुके है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गये लोकार्पण के सात महिनें के अंदर हल्की सी हवा में देव मूर्तिया पत्ते की तरह बिखर गयी। कारणों की तलाश करेंगे तो हंसी आ जायेगी। मूर्तियों के अंदर सब कुछ खोखला था, जिन मूर्तियो को निहारने देश दुनियॉ से श्रधालु चले आ रहें थे वह घटिया प्लास्टिक की निकली वह भी अंदर से खोखली थी, सामान्य रूप से किसी भी स्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिये अंदर लोहें की सरियाओं का जाल बनाया जाता है, मूर्ति गिरने के बाद पता चला की उसमें लोहें का जाल डाला ही नहीं गया। अफसर कह रहें है कि कोई जांच की जरूरत नही है हम फिर बनवा लेंगे उसी ठेकेदार से, याने फिर से दोबारा दोहराने वाला, इससे पहले भी टूरिज्म के अफसरों ने मुर्तियों के खोखलेपन पर आपत्ति जताई थी, किन्तु शिवराज सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी से लोकार्पण की जल्दी के कारण किसी की बात नही सुनी। सवाल यह है कि इस महाकाल लोक परियोजना में जिसकी अनुमानित लागत 97 करोड़ 71 लाख रूपय थी, कमलनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर राशि को बढ़ाकर 300 सौ करोड़ स्वीकृत किये गये, कार्य आदेश 7 मार्च 2019 को जारी किया गया।



इतनी अधिक राशि स्वीकृति के बाद भी कार्य गुणवत्ता हीन कर भ्रष्टाचार किया गया, एफआरपी की प्रतिमाओं की मजबूती हेतु आंतरिक लोहें का ढांचा बनाया जाता है जो महाकाल लोक की प्रतिमाओं में नही बनाया गया। प्रतिमाओं के निर्माण में उपयोग की जाने वाली नेट की मोटाई 1200 से 1600 ग्राम जीएसएम की होनी चाहिये, किन्तु महाकाल लोक में स्थापित प्रतिमाओं में 150 से 200 ग्राम जीएसएम की ही चाईनीज नेट का उपयोग किया गया। देव मूर्तियो के निर्माण में गुणवत्ता की जांच हेतु कार्य स्थल पर ही प्रयोगशाला स्थापित की जाती है जो नही की गयी। यदि इस्तमाल की जाने वाली समाग्री का परीक्षण प्रयोगशाला में किया जाता तो प्रतिमाएं न तो गिरती और न ही खंड़ित होती। उज्जैन शहर में एक ही ठेकेदार द्वारा लगायी गई देवमूर्तियों के निर्माण में व्यापक अंतर सामने आया है। उज्जैन के स्थानीय सिंधी समाज द्वारा 25 फीट उँची मुर्ति का निर्माण 4 लाख 11 हजार रूपय में करवाया गया है। जबकि महाकाल लोक में 15 फीट उँची प्रतिमा का भुगतान 10 लाख 2 हजार रूपय किया गया है। क्षतिग्रस्त मुर्तियों को महाकाल लोक के कोने में रिपेयर किया जा रहा है। जबकि खंड़ित देव मूर्तियो को धर्मक्षेत्र में स्थापित करना वर्जित माना जाता है। उज्जैन कले टर द्वारा 5-7 दिनों में ही मूर्तियों की पुर्नः स्थापना की घोषणा की गयी है जिससे स्पष्ट है कि खंड़ित देवमुर्तियों को ही जोड़कर ही पुर्नः स्थापित किया जायेंगा।

जबसे भाजपा सरकार प्रदेश में आयी है शिवराज सिंह और उनके मंत्रियों ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिये है प्रदेश को कंगाल कर दिया है अपने आपको धर्म का ठेकेदार बताने वाली भाजपा धार्मिक स्थलो के निर्माण में भी भाजपा भारी भ्रष्टाचार कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ जी ने महाकाल लोक घोटाले की जांच के लिये हाई कोर्ट के किसी वर्तमान न्यायाधीश से उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग की है, ताकि अपराधियों और पापियों को दण्ड दिया जा सकें और सनातन धर्म को मानने वाले प्रदेश के जनमानस की आस्था को पंहुची चोट पर मरहम लगाया जा सकें।

# गनिवास में आयुष मेले में 678 लोगों ने लिया लाभ




मंडला यशोः- शासकीय आयुर्वेद औषधालय निवास में आयुष मेले का आयोजन किया गया। मेले का प्रारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा भगवान धन्वंतरी की पूजन-अर्चन के साथ किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार के अनाजों, हर घर आयुर्वेद के अंतर्गत घर में प्रयोग होने वाले घरेलू उपचार संबंधी औषधियों का स्टॉल, देवारण्य योजना अंतर्गत पौधों का वितरण एवं औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक राजेंद्र सिंगौर द्वारा शिविर में आए लोगों को योग का अ यास कराया गया। शिविर में लगभग 678 लोग लाभान्वित हुए। इस अवसर पर प्रभारी डॉ. नारायण कुररिया, डॉ. प्रत्युष हर्मिट, डॉ. मनीषा बोरकर, डॉ. सीमा भवेदी, डॉ. जितेंद्र एवं आयुर्वेद व हो योपैथ के पैरामेडिकल स्टॉफ व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कॉलोनियों की लिखित सूचना 5 जून तक देने के निर्देश

मंडला यशोः- मु य नगरपालिका अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मु यमंत्री द्वारा 31 दिस बर 2022 तक की अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक अधोसंरचना एवं भवन निर्माण अनुज्ञा प्रदान करने की घोषणा की गई है। नगरपालिका सीमाक्षेत्रांतर्गत निवासरत समस्त नागरिकों एवं कोलोनाईजर को सूचित किया गया है कि 31 दिस बर 2022 तक अस्तित्व में आई अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक अधोसंरचना एवं भवन निर्माण अनुज्ञा प्रदान किये जाने हेतु सर्वेक्षण किया जाना है। तत्संबंध में नगरपालिका सीमा क्षेत्रांतर्गत 31 दिस बर 2022 तक अस्तित्व में आई कॉलोनियों की लिखित सूचना 5 जून 2023 तक कार्यालय में दी जा सकती है। 5 जून 2023 के पश्चात् दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण, लापरवाही पर कार्यवाही तय - कले टर

**जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कले टर के निर्देश**

मंडला यशोः- गुरूवार को कले टर डॉ. सलोनी सिडाना की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कले टर ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय है। स्वास्थ्य विभाग एवं समस्त विभाग इस कार्य को अत्यंत गंभीरता से पूर्ण करें। लापरवाही की स्थिति में संबंधित अमले पर कार्यवाही तय रूप से सुनिश्चित की जाएगी। डॉ. सिडाना ने बैठक में एएनसी जाँच, एनीमिया जाँच की ब्लॉकवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच एवं उनकी सुरक्षा हमारा परम कर्तव्य है। उन्होने एएनसी रजिस्ट्रेशन की लक्ष्य एवं उसके विरूद्ध पूर्ति की आंकड़ेवार समीक्षा भी की। कले टर ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया की सभी स्तरों पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एनीमिया चिन्हांकन ही नहीं उसका उपचार भी अत्यंत ज़रूरी है। इसी प्रकार निचले स्तर से जरूरी जाँच सैंपल नियमित रूप से जिला चिकित्सालय को भेजा जाए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. श्रीनाथसिंह, सिविल सर्जन, सभी बीएमओ एवं संबंधित उपस्थित थे।



**सीएम हेल्पलाइन समस्या निराकरण का सबसे प्रभावी तरीका**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन लोगों की समस्या के निराकरण का सबसे प्रभावी तरीक़ा है। स्वास्थ्य विभाग में आने वाली शिकायतों को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें तथा उनके निराकरण के लिए सकारात्मक पहल करें। उन्होंने कहा कि निराकरण के दौरान अत्यंत संवेदनशीलता के साथ ज़रूरी जवाब फीड करें।

**मवई क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने कार्ययोजना बनाएं**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि मवई क्षेत्र में क यूनिटी हेल्थ एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने सभी बीएमओ को निर्देशित किया कि एएनसी रजिस्ट्रेशन का कार्य गंभीरता से देखें। उन्होंने कहा कि हर ब्लॉक की सर्वाधिक नि न प्रदर्शन करने वाली एएनएम को चिन्हित करें तथा उन पर समय-समय पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कले टर ने बैठक में मॉडरेट एनीमिया की ब्लॉकवार समीक्षा की तथा एनीमिया जाँच के लिए सभी केंद्रों में पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी बीएमओ अपने केन्द्र में एनीमिया की जाँच के लिए ज़रूरी किट की उपलब्धता के सर्टिफ़िकेट देंगे।

**सभी सीएचसी में सर्पदंशरोधी टीके पर्याप्त रखें**

कले टर ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी बारिश के मद्देनजर सभी केंद्रों पर सर्पदंशरोधी टीके अनिवार्य रूप से रखें। उन्होने कहा कि बारिश के दौरान होने वाली बीमारियों को भी दृष्टिगत रखते हुए उपलब्ध दवाईयों का आंकलन करें तथा पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय के स्टोर रूम में उपलब्ध दवाओं का युक्तियुक्त रूप से निचले स्तर पर समय-समय पर संचालन सुनिश्चित हो।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बोंझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297